तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री


न्यूनतम 19.9 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 10 मार्च 2025

12 रात से फिर दोगुना हुआ तापमान, पूर्वी हवा बढ़ाने...



13 छत्तीसगढ़ झेरिया गड़रिया धनकर समाज बालोद के...





# होली नजदीक, त्योहार को लेकर रंग, गुलाल व पिचकारी के साथ तरह-तरह की दुकानें सजीं

## थोक दुकानों में सामानों के लिए पहुंच रहे फुटकर व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर ही नहीं तहसील हो या कस्बे गांव तक दुकानें सजने लगी हैं। दुकानों में होली में इस्तेमाल की जाने वाली रंग बिरंगी अलग अलग तहर से बनी पिचकारियां खरीदारों का इंतजार कर रही है। श्री चोपड़ा ने बताया कि होली के त्योहार को लेकर कस्बा में सुबह से शाम तक खरीदारों की भीड़ उमड़ती.रहती थी। लेकिन अब दुकान पर सामान की खरीद हो या होली का रंग होली से एक दो दिन पहले ही दिखाई देता है। वहीं रंगों के त्यौहार में लजीज मिठाई भी अपना बड़ा योगदान देती नजर आती हैं। दल्लीराजहरा शहर में दीपावली, रक्षाबंधन के अलावा होली पर गुजिया मठरी का अपना ही मजा है। घर आने वालों पर रंग और उनके स्वागत में गुजिया मठरी का अपना ही महत्व होता है। घर बनने वाली गुजिया अब दल्लीराजहरा के मिठाई की दुकानों पर दिखने लगी है, खोवा, चासनी आदि की गुजिया की खूब मांग है, तो वहीं दूध खोवा से लेकर पनीर की डिमांड भी बढ़ गयी है। वहीं दल्लीराजहरा के क्षेत्र में होली को लेकर रंग बिरंगी पिचकारी के साथ रंगों की दुकानें सज गई हैं। इस बार होली में हर्बल रंगों की मांग काफी है। दल्लीराजहरा के बाजारों में भगवान राम और शंकर के मुखौटा की बिक्री भी हो रही है। दल्लीराजहरा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दुकान लगाने वाले दुकानदार खरीदारी को लेकर अभी बाजार में सिर्फ दिख ▶▶|शेष पेज 12 पर



### बाजार में 120 से 1500 रुपये तक बिक रहा नगाड़ा

**दल्लीराजहरा।** होली पर्व को लेकर अब दल्लीराजहरा में माहौल बनना शुरू हो गया है। रविवार को दल्ली राजहरा शहर के साप्ताहिक बाजार में नगाड़ा की बिक्री होने लगी है। पर्व के कारण शहर व गांवों के चौक-चौराहों पर होलिका दहन के लिए लकड़कियां व कंडे एकत्र कर रहे हैं। होली पर्व नजदीक आते ही दल्लीराजहरा शहर के बाजार में नगाड़ा बिकने के लिए पहुंचने लगा है। बाजार में नगाड़ा 120 रुपये से लेकर 1500 रुपये तक उपलब्ध है। होलिका पर्व 14 मार्च को मनाया जाएगा। पर्व के एक दिन पूर्व 13 मार्च को रात में होलिका दहन किया जाएगा। पर्व को लेकर अंचल में तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। दल्लीराजहरा शहर के न्यू मार्केट,बाजार,जैन भवन चौक में नगाड़ा बिकने पहुंचा। होली पर्व में नगाड़ा की बिक्री अच्छी होती है। नगाड़ा विक्रेता कुमार साहू ने बताया कि पर्व के एक व दो दिन पहले अच्छी बिक्री होती है। बाजार में नगाड़े की कीमत 120 रुपये जोड़ी है। मध्यम आकार के नगाड़े 600 से 700 रुपये व बड़ा नगाड़ा प्रति जोड़ी 1500 रुपये में बिक रहा है। नगाड़ा विक्रेता संजय तारम ने बताया कि पर्व के दो दिन पूर्व नगाड़ा तेजी के साथ बिकेगा, क्योंकि होली पर्व आने में अब सिर्फ 4 दिन ही शेष रह गया है। शहर व गांवों के किराना व अन्य दुकानों में पिचकारी, रंग-गुलाल समेत होली के अन्य सामान बिक रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### सट्टा-पट्टी के साथ युवक पकड़ाया, नकद जब्त

**बालोद/दल्लीराजहरा।** थाना दल्लीराजहरा में अवैध जुआ, सट्टा, शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत रेलवे स्टेशन के सामने शीतला मंदिर के पास वार्ड क्रमांक 25 जगजीवन राम वार्ड राजहरा थाना राजहरा निवासी आरोपी संतोष पठारिया पिता अमृतलाल पठारिया 39 वर्ष को सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक कागज में अंकों के सामने रूपये पैसों का दांव लगाकर लिखी सट्टा पट्टी पर्ची एक डाट पेन एवं नगदी रकम 4100 रूपये को जब्त कर आरोपी के विरूध्द धारा 4क जुआ एक्ट एवं छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत कार्रवाई की गई है।



### दोस्त ने फोन कर बुलाया, फिर मारपीट की, मामला दर्ज

**बालोद।** एक दोस्त ने दूसरे दोस्त को अस्पताल में बुलाया, वहां उसके साथ मारपीट की गई। दोस्त से मार खाने के बाद दोस्त ने दूसरे दोस्त के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। ग्राम टिकरी निवासी पुरूषोत्तम साहू ने बताया कि 6 मार्च की शाम दिनेश्वर देवार ने मेरे दोस्त लल्लू साहू के मोबाईल नम्बर में कॉल करके मुझे अर्जुन्दा अस्पताल के सामने सार्वजनिक सुलभ शौचालय के पास आने को कहा। जब मैं वहां गया तो दिनेश्वर देवार निवासी अर्जुन्दा तथा उसका एक दोस्त गालियां देने लगे और मारपीट की। उन्होंने चूड़ा, पत्थर और चाकू से मेरे सिर पर वार किया। घटना की शिकायत के बाद थाना अर्जुन्दा में दिनेश्वर देवार एवं उसके एक साथी पर धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### धारदार हथियार दिखाकर डराने वाले धरे गए

**भिलाई।** लोगों को धारदार हथियार दिखाकर लोगों को डराने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि बेलदार पारा दुर्ग निवासी सादर बेलदार, पंचशील नगर दुर्ग अक्षय सोनी, गाय नगर अंकुश यादव, राजीव नगर आकाश यादव आने जाने वाले को हथियार लेकर डरा धमका रहे थे। पुलिस ने कार सीज 07 सीई 2329, तीन धारदार चाकू जब्त किया है। कार की कीमत 2 लाख रुपए आंकी गई है।

### कार की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को ठोकर मार दी। घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि फौजी नगर हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी राकेश सिंह अपनी बाइक से घर जा रहा था। अनंत फर्नीचर दुकान के सामने बने डिवाइडर के कट कर घर जाने के लिए जैसे मुड़ा। वैसे ही तेज रफ्तार से आ रही कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चालते हुए बाइक सवार को जोरदार ठोकर मार दिया।

## अनदेखी : तांदुला नदी में पुल निर्माण नहीं होने से नेवारीकला के ग्रामीणों को हो रही परेशानी

# कांग्रेस ने 3 साल पहले बजट में लाया था पुल निर्माण का प्रस्ताव, आज तक नहीं हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम नेवारीकला के तांदुला नदी में 3 साल पूर्व पुल निर्माण का प्रस्ताव बजट में पास हो जाने के बाद भी पुल निर्माण कार्य प्रारंभ होता नहीं दिख रहा है। इससे ग्रामीणों को आने वाले समय में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा और लंबी दूरी का सफर खत्म नहीं होगा।

ग्राम नेवारीकला के तांदुला नदी में पुल बनाने को लेकर पूर्व सरकार ने वर्तमान विधायक संगीता सिन्हा के प्रयास पर बजट में पुल निर्माण को सम्मिलित किया था। जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर थी कि उनके सालों से चली आ रही समस्या अब दूर होगी और उन्हें कम दूरी का सफर कर जिला मुख्यालय पहुंचने में सुविधा होगी। लेकिन सरकार बदल जाने और बजट में प्रस्ताव पास होने के 3 साल के बाद भी ग्राम नेवारीकला में पुल का निर्माण प्रारंभ नहीं हो पाया है, जिससे ग्रामीणों का इंतजार और लंबा होता जा रहा है।

गर्मी के दिनों में तांदुला नदी में पानी नही रहता जिससे दोपहिया वाहन या साईकिल चालकों द्वारा रेत में ही कच्ची सड़क बनाकर आने जाने व पैदल नदी पार करने का करते दिखते हैं। वहीं, बरसाल के दिनों में नदी में पानी आ जाने के कारण दोपहिया वाहनों का नदी के मार्ग से आना जाना पूरी तरह बंद हो जाता है और सिर्फ साइकिल चालक ही बरसात के दिनों में नदी में कमर तक पानी आ जाने के बाद भी अपनी जान जोखिम में डालकर कंधे पर सायकल ▶▶|शेष पेज 12 पर





### हर साल बनाते हैं रपटा

हर साल ग्राम पंचायत नेवारीकला द्वारा नदी में मिट्टी व गिट्टी की सहायता से रपटा का निर्माण किया जाता है, ताकि ग्रामीणों को गर्मी के दिनों में नदी पार करने में कोई समस्या का सामना न करना पड़े। लेकिन इस वर्ष पंचायत चुनाव हाल ही में संपन्न होने के कारण वर्तमान में रपटा का निर्माण नहीं हो पाया है, जिससे वर्तमान में गर्मी के दिनों में नदी पार करने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

### व्यापार भी होता है प्रभावित

ग्राम के व्यापारियों ने कहा कि पहुंच मार्ग आसान हो तो वहां का हर वस्तु सही बिकता है और खराब सड़क मार्ग किसी भी व्यापार को प्रभावित कर सकता है। ग्राम नेवारीकला अगर कोई जाना चाहे तो या तो उसे 14 किलोमीटर के रास्ते से जाना होगा या तो उन्हें 6 किलोमीटर के रास्ते में नदी पारकर जाना होगा, जहां पुल नहीं होने के कारण व बरसात में नदी में पानी आ जाने के कारण जाना संभव नहीं हो पाता, इसलिए खराब सड़क व पुल नहीं होने से व्यापार में दिक्कतें होती हैं। वहीं, नदी जिला मुख्यालय से नदी तक का मार्ग बरसात में इतना जर्जर हो चुका है कि बरसात के पानी ने खाईनुमा रास्ता का निर्माण कर दिया है, जिससे थोड़ी सी चूक होने पर गढ्ढे में गिरने का डर बना रहता है।

## 103 पौवा अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

### दल्ली राजहरा पुलिस ने की कार्रवाई



**दल्लीराजहरा।** पुलिस थाना दल्ली राजहरा पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के दो मामलों में की गई कार्रवाई किया है और 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत दोनों आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 69 पौवा (लगभग 12.42 लीटर) देशी प्लेन शराब और एक मोटर साइकिल जब्त की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी गोपाल सोनकर (उम्र 30 वर्ष) निवासी वार्ड क्रमांक 02, राजहरा से आईटीआई के पास से बोरी में 35 पौवा देशी मदिरा प्लेन शराब जब्त कर उसे गिरफ्तार किया गया। इसी तरह नोहर निषाद उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 18, दंतेश्वरी वार्ड, राजहरा से शराब भट्टी के पास मोटर साइकिल सीजी 24 यू 5395 की डिग्गी में 34 पौवा देशी मदिरा प्लेन शराब परिवहन करते पकड़ा गया।

आरोपी की मोटर साइकिल व शराब जब्त कर 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा डॉ. चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दल्ली राजहरा सुनील तिर्की के नेतृत्व में की गई। थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने कहा कि राजहरा पुलिस द्वारा अवैध जुआ, सट्टा, और शराब बिक्री के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।



### सांसद नाग ने शैक्षिक कैलेंडर का किया विमोचन

**डौंडीलोहारा।** 8 मार्च को सांसद लोकसभा कांकेर भोजराज नाग ने छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई डौंडी लोहारा जिला बालोद के वार्षिक शैक्षिक कैलेंडर 2025 का विमोचन किया। साथ ही संगठन की विस्तृत चर्चा सासंद से की गई। विशेष रूप से सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति के मुद्दे पर माननीय सांसद को अवगत कराया गया, एवं मुख्यमंत्री महोदय से विशेष रूप से चर्चा पर बात कही गई। जिसमें सांसद ने बातों को गंभीरता से सुना और उक्त वेतन विसंगति के प्रमुख मुद्दे को जो मोदी की गारंटी में शामिल है, जिसे मुख्यमंत्री के पास प्रमुखता से रखने की बात की गई। इस विमोचन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार दिल्लीवार, संयोजक खेमंत कुमार साहू,सचिव कुमार संभव देवांगन, महिला विंग से सुश्री ऐनुका सार्वा, कोषाध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी, जिला पदाधिकारी संदीप दुबे,उपाध्यक्ष प्रवीण चंद्राकर, दीपक पटेल, प्रदीप साहू आदि पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# गुरूर में रामनवमीं पर धूमधाम से निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| 0000

■ तैयारियों को लेकर हिन्दू संगठनों, रामायण मण्डलियों, रामलीला मण्डलियों के प्रमुखों की हुई बैठक

नगर में रामनवमी के अवसर पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए विभिन्न हिन्दू संगठनों, रामायण मण्डलियों, रामलीला मण्डलियों के प्रमुखों की बैठक हुई। बैठक सर्व हिंदू समाज के द्वारा मनाए जाने वाली प्रमुख त्योहार श्री राम जन्मोत्सव मनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल व मातृ शक्ति संगठन द्वारा आहूत की गई।

बैठक में श्री राम जन्मोत्सव मनाने और शोभायात्रा निकालने की तैयारी के संबंध में चर्चा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि नगर गुरुर में राम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी और श्री राम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। रामनवमी पर राम जी की शोभायात्रा में 8 फीट ऊंची बजरंगबली की प्रतिमा, आदिवासी नृत्य, धुमाल, झांकी और भजन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। यह राम जी की शोभायात्रा पूरे गुरुर नगर में भ्रमण करेगी।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी रामभक्त श्रद्धालुओं, राम भक्तों नगर वासियों को सहभागी बनाते हुए उन्हें उनकी इच्छानुसार दायित्व सौंपकर आग्रह किया जाए कि वे भी शोभायात्रा में अपना अंशदान कर रामभक्तों का उत्साहवर्धन स्वागत करें। शोभायात्रा के दौरान भगवान राम दरबार की झांकी प्रस्तुत की जाएगी। जिसका नगरवासी भगवान राम की प्रतिमूर्ति का पूजन कर प्रसाद ग्रहण कर सकते हैं। आयोजकों ने ग्रामवासियों से अनुरोध किया है कि बड़ी संख्या में उपस्थित होकर राम जन्मोत्सव राम जी शोभायात्रा का दर्शन कर पुण्य लाभ लें और कार्यक्रम को सफल बनाएं। शोभायात्रा में अपनी सेवा देने वाले श्रद्धालुओं का पंजीयन किया जा रहा है, जिससे उनकी सेवा का स्वरूप एवं सामग्री का विवरण स्पष्ट हो सके एवं शोभायात्रा में उन सेवाओं की पुनरावृत्ति न हो।

इस बैठक में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष चौलेश देशमुख, जिला सह मंत्री जयंत साहू, ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश साहू, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश साहू, हरीश टूवानी, मनीष साहू, सोनू देवदास, रवि साहू अनमोल, मातृ शक्ति संयोजिका योगिता शर्मा, बेबी ओझा, ज्योति देवदास, पिंकी चंद्राकर, मंजू साहू, सहित विभिन्न संगठन के पदाधिकारी, सदस्य व सर्व समाज के लोग उपस्थित थे।




## मौसम में बदलाव के कारण हो रही नागरिकों को परेशानी

# सुबह-शाम ठंडक, दिन में तेज धूप, बिगड़ रही लोगों की सेहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में वर्तमान में महीना तो मार्च का है, लेकिन मौसम में सुबह शाम सर्दी का एहसास अभी भी बरकरार है, क्योंकि ठंडी हवाओं ने जिले को अपनी चपेट में ले रखा है। इससे मौसम सर्द बना हुआ है। हालात यह है कि दिन में जहां तेज धूप खिल रही है, वहीं शाम होते–होते ठंडी हवाएं और मौसम में ठंडक घुल रही है। वहीं, मार्च महीने के शुरुआती सप्ताह में गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया है। क्षेत्र में सुबह 11 बजे से ही सड़क सूनी नजर आ रही है। दिन में गर्मी के कारण लोग घरों में पंखा, कूलर, एसी की ओर रुख कर रहे हैं। इधर साइकिल, मोटरसाइकिल चालक सहित अन्य राहगीरों को गर्म हवाओं से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके पीछे उत्तर भारत में हुई बर्फबारी के बाद ठंडी हवाएं चलने से मौसम में फिर से ठंड का दस्तक देना माना जा रहा है, ठंडी हवाएं जैसे ही मैदानी क्षेत्रें से होते हुए जिले में आई, ठंड का असर दिखने लगा है। इससे रात के समय मार्च में जनवरी जैसी ठंडक महसूस हो रही है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने की संभावना है, तब तक लोगों को हल्की सर्दी का सामना करना पड़ेगा। हालांकि मौसम विभाग ने 12 मार्च के बाद न्यूनतम और अधिकतम तापमान बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।





### अस्पताल में बढ़ी सर्दी-खांसी, बुखार वाले मरीजों की संख्या

जिले में हर तीन से चार दिनों में मौसम बार–बार बदल रहा है। जिले में किसी भी परिस्थिति से अनुकूलता नहीं बैठा पा रहा है। इस कारण जिला अस्पताल में सर्दी खांसी और बुखार के मरीज बढ़ गए हैं। वहीं गले में खराश भी देखने को मिल रही है। बार–बार मौसम में बदलाव के कारण मरीजों को ठीक होने में अधिक दिनों का समय लग रहा हैं। छोटे बच्चों को जल्दी से सर्दी खांसी, बुखार हो रहा है। डाक्टरों के मुताबिक मौसम के बदलाव को देखते हुए सेहत बिगड़ रही है। तबीयत बिगड़ने पर तुरंत डॉक्टर्स को दिखाएं। वहीं लंबे समय तक बीमार होने पर जरूरी टेस्ट कराएं।

### बहू के साथ ससुराल वालों ने की मारपीट

**भिलाई।** शादी में मिले उपहार को लेकर बहु ने पूछताछ किया तो पति, सास, डेढ सास ने गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने धारा 296, 351(3) ,115(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 7 सड़क 33 क्वाटर 1 जे निवासी शैल सागरवंशी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। पति नरेन्द्र कुमार, सास रामप्यांरी सागरवंशी, संतोषी यादव ने शादी के समय दिये गये उपहार को बेंच दिया है। इसे लेकर जब ससुराल वालों से पूछताछ करना शुरु किया तो पति नरेन्द्र कुमार, सास रामप्यांरी सागरवंशी , डेढसास संतोषी यादव ने मिलकर शैल के साथ मारपीट किया। ससुराल वालों ने जान से मारने तक की महिला को धमकी दी है।

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

